भू माफियों में जेडीए का डर खत्म, अवैध कॉलोनियों बसाने का काम फिर शुरु

सोशल मीडिया पर विज्ञापन देकर जनता के साथ खुली लूट कर रहे है

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण ने जोन 11 और 12 में अवैध कालोनी बसाने वाले भू माफियों में जेडीए का डर खत्म हो गया है। वो बेखौफ अवैध कॉलोनियां बसा रहे हैं। जेडीए ने गत दिनों जिन अवैध जिन अवैध कॉलोनियों में कार्रवाई की वहां भू माफिया वापस सक्रिय हो गए हैं। वो अवैध स्कीमें बसा कर जनता से खिलवाड़ कर रहे हैं। ये लोग सोशल मीडिया पर खुले आम विज्ञापन देकर जनता के साथ खुली लूट कर रहे हैं।

उन्होंने फिर से अवैध खरीद-बेचान का काम शुरू कर दिया है। इसके साथ ही जेडीए ने जोन 11 की मुरली ग्रीन्स, वृंदावन सिटी, जगन्नाथ सिटी द्वितीय में तोड़फोड़ की कार्रवाई की थी। इन जोनों में कुछ कॉलोनियों को छोड़ दिया गया था। बाकी में दिखावटी कार्रवाई कर छोड़ दिया था। जयपुर विकास प्राधिकरण ने महिन्द्रा सेज और बगरू के आसपास अवैध कालोनियों में कार्रवाई की। आसपास की कुछ अवैध स्कीमों को छोड़ दिया। कपूरावाला, अजयराजपुरा, किशोरपुरा में कुछ स्कीमों को छोड दिया। इनमें द्वारका सिटी, जगन्नाथ सिटी प्रथम में कोई कार्रवाई नहीं की जबकि मुरली ग्रीन्स को आधी अधूरी कार्रवाई कर छोड़

दिया।जेडीए की टीम ने पवालिया, कपूरावाला में अवैध तरीके से बसाई जा रही मुरली ग्रीन्स में सिर्फ ग्रेवल सड़क को कुछ जगह से खोद दिया जबकि इस अवैध कॉलोनी में चार दीवारी को नहीं छेड़ा गया। अवैध कॉलोनी बसाने वालों ने यहां खरीद बेचान वापस शुरु कर दिया। और भू माफिया भूखंडों की खरीद फरोख्त कर कॉलोनी में पुरानी तारीख में हाउसिंग सोसायटी के पट्टे देकर आम जनता से धोखाधड़ी की जा रही है। यहां वापस ग्रेवल सड़कें बन गई है। जेडीए के प्रवर्तन दस्ते को कलवाडा, महिन्द्रा सेज के पास सिराणी में द्वारका सिटी दिखाई नहीं दी जबकि यहां भी खुले आम् अवैध तरीके से प्लाटों का खरीद बेचान किया जा रहा है।

डवलपर को जेडीए का कोई डर नहीं है। वह खुलेआम विज्ञापन कर हाउसिंग सोसायटी के पट्टों के जरिए खरीद बेचान कर रहा है। करीब 62 बीघा की इस स्कीम में प्लाट लेने के कई फायदे बताए जा रहे हैं। महिन्द्रा सेज में आने वाले अजयराजपुरा कलवाड़ा ग्राम में 160 फीट सड़क पर बेहताशा कॉलोनी काटी जा रही है। इसी जगह 62 बीघा में द्वारका सिटी के नाम से अवैध कालोनी बसाई

- **मुरली ग्रीन्स, वृंदावन सिटी, जगन्नाथ सिटी, वृंदावन सिटी, गिरिराज विहार के नाम से बस रही है स्कीमें**

जा रही है। इसमें ग्रेवल सड़क बना कर स्कीम बना दी है। अब दलालों के जरिए प्लाटों की सौदेबाजी की जा रही है। इस कॉलोनी के 160 फीट पर होने के सपने दिखा कर धड़ाधड़ प्लाट बेचे जा रहे है।

जोन 11 और 12 का कपूरावाला-पवालिया, अजयराजपुरा, किशोरपुरा, महिन्द्रा सेज, बगरु में दहमी कला, मणिपाल यूनिवर्सिटी के आसपास भू माफियों का पंसदीदा क्षेत्र बना हुआ है। इन इलाकों में अवैध रुप से बस रही कॉलोनियों में जमीनों के भाव दस से बारह हजार रुपए प्रति वर्गगज है यहां पर राधा विहार, गिरिराज विहार नाम से अवैध कॉलोनियां बसाने वाले डवलपर सोशल मीडिया फेसबुक, इंस्टाग्राम यू ट्यूब के माध्यम से अपनी स्कीमों का बेचान कर रहे हैं।

संस्कृत दिवस पर पुरस्कारों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

जयपुर । राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी राज्य स्तरीय संस्कृत-दिवस-समारोह में संस्कृत-क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले संस्कृत विद्वानों का सम्मान किया जायेगा। आयुक्त, संस्कृत-शिक्षा, राजस्थान द्वारा सभी जिला कलक्टर, विश्वविद्यालय-कुलसचिवों, संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारियों, निदेशक, प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा, एवं संस्कृत शिक्षा विभाग के संस्था-प्रधानों के माध्यम से विद्वत्-प्रस्ताव आमन्त्रित किये गये हैं। आयुक्त, संस्कृत-शिक्षा प्रियंका जोधावत ने बताया कि प्रस्तावों के साथ विद्वानों का संक्षिप्त परिचयात्मक विवरण निर्धारित प्रपत्र में चाहा गया है। प्रस्ताव 15 जुलाई 2025 तक अनिवार्य रूप से डाक द्वारा/व्यक्तिगत रूप से एवं विभागीय ईमेल पर भेजे जा सकेंगे।

विधान सभा में हुए सामूहिक योग में विधायकों ने लिया भाग

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर राजस्थान विधान सभा में विश्व योग दिवस के लिए सामूहिक योग के लिए पूर्वाभ्यास किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर योग दिवस के लिए पूर्वाभ्यास कराये जाने के लिए राजस्थान विधानसभा ने देश में अग्रणी प्रयास किया। सोमवार को राजस्थान विधान सभा में विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, मंत्रीमण्डल के सदस्यगण, विधायकगण, विधानसभा के अधिकारियों व कर्मचारियों ने सामूहिक योग किया।

देवनानी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि योग को जीवन का अंग बनाये। उन्होंने कहा कि योग को दिनचर्या में जोड़ने से मन, मस्तिष्क, और शरीर स्वस्थ और ऊर्जावान रहता है। शरीर

- **योग दिवस का पूर्वाभ्यास कराए जाने वाली राजस्थान विधान सभा देश में अग्रणी योग को बनायें जीवन का अंग : देवनानी**

को स्वस्थ रखना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। देवनानी ने मन, बुद्धि और आत्मा के साथ योग के सहयोग से जीवन रचना को आगे बढाने का आव्हान किया।

देवनानी ने कहा कि सूक्ष्म व्यायाम प्रतिदिन अवश्य करें। इससे मन एकाग्र होगा और शरीर को नई ऊर्जा मिलेगी। देवनानी ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग को दुनिया ने अपनाया है।

देवनानी ने कहा कि इस वर्ष एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय पर ग्यारहवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। योग भारत के लोगों द्वारा शुरू किया जाने वाला शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है, जिसे अब दुनियाभर में मनाया जा रहा है। योग केवल व्यायाम ही नहीं बल्कि यह स्वयं, दुनिया और प्रकृति के साथ एकता की भावना को खोजने का एक तरीका भी है।

देवनानी ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस एक ऐसा उत्सव है जो प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी को महत्व देता है। इसका लक्ष्य योग को एक व्यापक आन्दोलन में बदलना है जो वैश्विक स्वास्थ्य और शान्ति को बढावा देता है।

अन्तर्राज्यीय कुख्यात नकबजन संजय पहाड़िया दिल्ली से गिरफ्तार

जयपुर। जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दस हजार रुपये का इनामी अन्तर्राज्यीय कुख्यात नकबजन -चोर संजय पहाड़िया को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है।

आरोपित जवाहर नगर में वर्ष 2022 में दर्ज नकबजनी की वारदात में फरार चल रहा था। आरोपित शातिर नकबजन है,जिसके खिलाफ उत्तर प्रदेश,दिल्ली,राजस्थान मे चोरी,नकबजन,आर्म्स एक्ट,गैंगस्टर एक्ट के तहत अब तक 71 मामले दर्ज है। आरोपित सूने मकानों की रैकी कर नकबजनी की वारदात करता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दस हजार रुपये का इनामी अन्तर्राज्यीय कुख्यात नकबजन चोर संजय पहाड़िया निवासी आगरा उत्तर प्रदेश हाल दिल्ली

पुलिस ने अन्तर्राज्यीय कुख्यात नकबजन चोर संजय पहाड़िया निवासी आगरा उत्तर प्रदेश हाल दिल्ली को गिरफ्तार किया।

को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित जवाहर नगर में वर्ष 2022 में दर्ज नकबजनी की वारदात में फरार चल रहा था। वहीं आरोपित शातिर नकबजन है जिसके खिलाफ उत्तर प्रदेश,दिल्ली,राजस्थान मे चोरी,नकबजन,आर्म्स एक्ट,गैंगस्टर एक्ट के तहत अब तक 71 मामले दर्ज है। आरोपित सूने मकानों की रैकी कर नकबजनी की वारदात करता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या

जयपुर। राजधानी के मॉडल टाउन डी ब्लॉक के निवासी भीषण गर्मी के बीच बिजली की बार-बार ट्रिपिंग और वोल्टेज अप- डाउन से परेशान हैं। दिन में कई बार कई घंटे लो वोल्टेज सहित बिजली की आंख मिचौली की समस्या बनी रहती है। बिजली उपकरण जैसे ऐसी, कूलर, फ्रिज, और पंखे ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। बार बार लो वोल्टेज के कारण कुछ उपभोक्ताओं के विधुत उपकरण ख़राब हो चुके है। मॉडल टाउन निवासी वरिष्ठ पत्रकार बाल मुकुंद ओझा ने बताया कि वोल्टेज अप- डाउन रहने व पावर फलैकचुएशन की शिकायत करने पर खानापूर्ति कर दी जाती है मगर समस्या दूर नहीं होती। यही नहीं थ्री फेस होने के बावजूद उपभोक्ता के सभी फेस में बिजली उपलब्ध नहीं होती जिसके कारण आधा घर अंधेरे में डूबा रहता है। यह समस्या पिछले एक माह से बनी हुई है। बताया जाता है ओवरलोड के कारण ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या लगातार रहती है। लेकिन सवाल यह उठता है कि ओवरलोडिंग की जिम्मेदारी किसकी है।

81 लाख रुपए की ठगी करने वाला गिरफ्तार

जयपुर। चौमूं थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फर्जी दस्तावेजों से प्लाट बेचकर 81 लाख रुपए की ठगी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

थानाधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि फर्जी दस्तावेजों से प्लाट बेचकर एक महिला से 81 लाख रुपए की ठगी के मामले में श्रीमाधोपुर जिला सीकर निवासी किशनलाल यादव (48) को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित ने

एक महिला को धर्म की बेटी बता कर 81 लाख रुपए की ठगी की है। आरोपित किशनलाल ने महिला को झांसा दिया कि रामेश्वरम धाम में सीकर रोड पर उसके नाम का प्लॉट है। उसने प्लॉट में अच्छा मुनाफा मिलने का लालच देकर पीड़िता को विश्वास में लिया और चौमूं उप पंजीयक कार्यालय में फर्जी दस्तावेज पेश कर रजिस्ट्री करा दी।

जब पीड़िता ने रजिस्ट्री के बाद जमीन पर कब्जा लेना चाहने पर पूरा मामला सामने आया। जहां पता चला कि न तो जमीन आरोपी के नाम थी और न ही दिया गया पट्टा असली था। जिस पर पर पुलिस ने आरोपी किशनलाल यादव गिरफ्तार किया गया।पुलिस जांच में पता चला कि किशनलाल यादव पहले भी कई लोगों के साथ इसी तरह की ठगी कर चुका है। उसके खिलाफ अन्य थानों में भी धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं।

सड़को के लिए 1915 करोड़ रुपये की स्वीकृति

जयपुर । उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया की केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राजस्थान में केंद्रीय सड़क अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) के तहत कुल 1000.90 किलोमीटर लंबाई की 40 राज्य सड़क परियोजनाओं के लिए 1914.71 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है। इसकी स्वीकृति आगामी एक दो दिवस में प्राप्त हो जाएगी।

इसके साथ ही प्रदेश में 104.49 किमी हाईवे परियोजनाओं के निर्माण के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा लगभग 1394 करोड़ रुपये की लागत की नई परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का इन स्वीकृतियों के लिए आभार जताया है ।

उन्होंने बताया की 1914.71 करोड़ लागत की इन परियोजनाओं में मुख्य रूप से विभिन्न राज्य सड़कों (31 प्रमुख जिला सड़कें, 8 राज्य राजमार्ग और 1 अन्य जिला सड़कें) के खंडों का मजबुतीकरण और चौड़ाईकरण

- **कुल 1000.90 किलोमीटर लंबाई की 40 राज्य सड़क परियोजनाओं के लिए 1914.71 करोड़ की स्वीकृति प्रदान का**
- **4 लेन के नागौर बायपास निर्माण और नागौर नेत्रा खंड के चार लेनकरण कार्य के लिए 1394 करोड़ रु मंजूर**

शामिल है। इससे राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में बेहतर सड़क संपर्क और निर्बाध यात्रा प्रदान करने में मदद मिलेगी।

इसके साथ ही 1394 करोड़ की लागत से चार लेन के नागौर बाईपास (अमरपुरा से गोगेलाव) का निर्माण तथा नागौर नेत्रा सड़क के 4 लेन का कार्य की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

'योग दिवस से पूर्व भाजपा प्रदेशभर में आयोजित करेगी योग कार्यक्रम'

जयपुर। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित कार्यक्रमों पर प्रेसवार्ता को संबोधित किया। सांसद दामोदर अग्रवाल ने बताया कि देशभर में 21 जून को योग दिवस मनाया जाएगा। इससे पूर्व 19 और 20 जून को भारतीय जनता पार्टी प्रदेशभर में योग कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश, संभाग, जिला, मंडल स्तर पर संगठनात्मक रूप से योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस दौरान भाजपा के सभी 44 जिलों के 1137 मंडलों में लगभग 1500 से अधिक योग के कार्यक्रम होंगे। भाजपा योग दिवस से पूर्व प्रदेश के नगर पालिका, नगर परिषद एवं नगर निगमों में एक से अधिक कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस दौरान कस्बा क्षेत्रों में महिलाओं के भी अलग से कार्यक्रम होंगे। कई स्थानों पर नवाचारों के साथ कार्यक्रम संपादित करने के प्रयास है। योग कार्यक्रम के साथ-साथ योग प्रशिक्षकों को सम्मानित भी किया जाएगा।

सांसद दामोदर अग्रवाल ने योग दिवस को लेकर आयोजित कार्यक्रमों पर प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

भाजपा सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि योग दुनिया को भारत द्वारा दिए गए सबसे बड़े उपहारों में से एक है। योग शारीरिक व्यायाम से कहीं बढ़कर, जीवन जीने की एक शैली है, जो मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक स्थिरता और आध्यात्मिक शांति प्रदान करता है। आज इसकी प्रासंगिकता खास तौर पर प्रबल है। उन्होंने कहा कि "योगाभ्यास से एकात्मकता की भावना का सृजन होता है - मन, शरीर और बुद्धि की एकात्मकता, अपने परिवारों के साथ, जिस समाज में हम रहते हैं उसके साथ, साथी मनुष्यों के साथ, उन समस्त पक्षियों, पशुओं और वृक्षों, जिनके साथ हम अपने सुंदर ग्रह को साझा करते हैं, के साथ एकात्मकता, यही योग है।

भाजपा सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाता है। यह दिन उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है और योग भी मनुष्य को दीर्घायु बनाता है।

'सरकार का क्रिटिकल मिनरल्स की खोज व खनन पर खास जोर'

जयपुर। राजस्थान में खनिजों की खोज के लिए अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स व मशीन लर्निंग तकनीक का भी सहयोग लिया जाएगा। प्रमुख सचिव खान एवं भूविज्ञान टी. रविकान्त ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत भीलवाड़ा और भरतपुर के साथ ही चित्तोड़गढ़ के कुछ स्थानों पर एआई के माध्यम से क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक खनिज संभावित क्षेत्रों को चिन्हित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खनिज क्षेत्र में नवाचार के तहत एआई के उपयोग का निर्णय लिया गया है और इसके लिए राजस्थान स्टेट मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट आरएसएमईटी द्वारा केन्द्र सरकार एवं नोटिफाइड प्राइवेट एक्सप्लोरेशन एजेंसी के साथ काम शुरु किया जाएगा।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जो कि प्रदेश के खान मंत्री भी है, प्रदेश को खनिज खोज व खनन क्षेत्र में देश का अव्वल प्रदेश बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आज प्रमुख खनिजों की नीलामी में राजस्थान समूचे देश में शीर्ष पर आ गया है वहीं खनिज क्षेत्र से राजस्व में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। अब राज्य के भूगर्भ में छिपे बेशकीमती खनिजों के खोज कार्य को गति देने पर जोर दिया जा रहा है।

डॉ. निर्मल जैन ने परिवहन मंत्री गडकरी से भेंट की

जयपुर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद, परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार के सदस्य डॉ. निर्मल जैन ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से औपचारिक भेंट की। इस अवसर पर डॉ. जैन ने राजस्थान राज्य में सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों, नवाचारों एवं जन-जागरूकता अभियानों की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट माननीय मंत्री को प्रस्तुत की।

प्रस्तुत रिपोर्ट में सड़क सुरक्षा हेतु विभिन्न जिलों में चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम, स्कूलों और कॉलेजों में आयोजित जागरूकता कार्यशालाएँ, हेलमेट और सीट बेल्ट उपयोग पर चल रहे अभियान, तथा सड़क संकेतों के सही प्रयोग को लेकर किए गए प्रयासों का उल्लेख किया गया। डॉ. जैन ने मंत्री महोदय को अवगत कराया कि राजस्थान में सड़क सुरक्षा को लेकर जनसहभागिता बढ़ रही है और स्वयंसेवी संस्थाओं, स्कूलों, कॉलेजों, ट्रैफिक पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन के सहयोग से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु ठोस कार्य हो रहे हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि इन सफल पहलों को अन्य राज्यों में भी मॉडल के रूप में अपनाया जा सकता है। गडकरी ने डॉ. जैन के प्रयासों की सराहना की और सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय में सतत योगदान के लिए शुभकामनाएँ दीं।

'जस शो-2025' का मुख्यमंत्री को आमंत्रण, पोस्टर का विमोचन किया

जयपुर। जयपुर स्थित जेईसीसी में 4 से 6 जुलाई को आयोजित होने वाले तीन दिवसीय बी टू बी जस शो में आमंत्रित करने हेतु मुख्यमंत्री भजनलाल जी से सीएमआर में जस शो कमेटी के सदस्यों ने मुलाकात कर आमंत्रण दिया।मुख्यमंत्री भजनलाल जी

- **सुविख्यात बी टू बी जस शो 4 से 6 जुलाई जेईसीसी जयपुर में होगा**

ने 5 जुलाई को होने वाली अवार्ड नाईट में मुख्य अतिथि के नाते उपस्थित रहने की स्वीकृति प्रदान की है।ज्वैलर एसोसिएशन जयपुर के वाईस प्रेसिडेंट व जस शो के को-कन्वेनर राजू मंगोड़ीवाला ने बताया कि इस अवसर पर जस शो के पोस्टर का विमोचन किया गया और मुख्यमंत्री जी ने पूर्व के कार्यक्रम की सराहना करते हुये आगामी जस शो की बधाई दी।इससे पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल जी का जस शो के कन्वेनर अशोक माहेश्वरी व एक्जीक्यूटिव मेम्बर विजय केडिया ने गुलस्ता भेंट किया, टीम

तीन दिवसीय बी टू बी जस शो में आमंत्रित करने हेतु मुख्यमंत्री भजनलाल जी से सीएमआर में जस शो कमेटी के सदस्यों ने मुलाकात कर आमंत्रण दिया।

के अन्य सदस्यों को-कन्वेनर नरेश अग्रोहा, कोषाध्यक्ष गोविंद प्रकाश अग्रवाल ,एक्जीक्यूटिव मेम्बर अनिल तांबी, महावीर कुमार डागा व जस कमेटी मेम्बर सुरेश डड्डा ने पिछले कार्यक्रम के जस शो टीम का मोमेंटो भेंटकर अभिनंदन किया। देश में विशिष्ट पहचान वाले बी टू बी जस शो व्यवसायियों को अपनी व्यवसायिक जरूरतों को पूरा करने और नए अवसरों की खोज करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है,इस अवसर पर ज्वैलर एसोसिएशन जयपुर के वाईस प्रेसिडेंट व जस शो के को-कन्वेनर राजू मंगोड़ीवाला, जस शो के कन्वेनर अशोक माहेश्वरी,को-कन्वेनर नरेश अग्रोहा, कोषाध्यक्ष गोविंद प्रकाश अग्रवाल,एक्जीक्यूटिव मेम्बर विजय केडिया, एक्जीक्यूटिव मेम्बर अनिल तांबी,महावीर कुमार डागा व जस कमेटी मेम्बर सुरेश डड्डा सहित जस शो के प्रबुद्ध व्यावसायी मौजूद रहे।

विधानसभा अध्यक्ष जायेंगे फ्रांस और जर्मनी

जयपुर । राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी फ्रांस और जर्मनी जायेंगे। दो देशों की यात्रा के लिए देवनानी मंगलवार को प्रातः जयपुर से सड़क मार्ग द्वारा नई दिल्ली जायेंगे, जहां से वे दोपहर में पेरिस के लिए रवाना होंगे। राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के तत्वावाधान में आयोजित इस अध्ययन यात्रा के दौरान देवनानी वहां दोनों देशों की संसदीय परम्पराओं का अध्ययन करेंगे।

विधान सभा अध्यक्ष देवनानी इस सात दिवसीय अध्ययन यात्रा के दौरान फ्रांस और जर्मनी की संसदीय प्रक्रियाओं और पद्धितयों का अध्ययन करेंगे। देवनानी राजस्थान विधान सभा में किये गये नवाचारों के अनुभवों को भी इस अध्ययन यात्रा के दौरान फ्रांस और जर्मनी के सांसदों से साझा करेंगे। देवनानी का फ्रांस के अपर हाउस सीनेट और लोअर हाउस नेशनल असेम्बली तथा जर्मनी के अपर हाउस बुंडेसरात और लोअर हाउस के बुंडेसटाग अवलोकन करने का भी कार्यक्रम है। देवनानी राष्ट्र मंडल संसदीय संघ के 68वें सम्मेलन से पूर्व विभिन्न देशों की संसदीय प्रक्रियाओं की जानकारी के

- **दो देशों की संसदीय प्रक्रियाओं और पद्धितयों की अध्ययन यात्रा करेंगे, मंगलवार को होंगे रवाना**

लिये यह अध्ययन यात्रा कर रहे है।

राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की फ्रांस और जर्मनी की यह सात दिवसीय यात्रा संसदीय सहभागिता, लोकतांत्रिक आदान-प्रदान और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

देवनानी इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के राष्ट्रीय संसदों, स्थानीय विधान संस्थानों और विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षिक संस्थानों का भ्रमण कर उच्चाधिकारियों और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से विचार-विमर्श करेंगे। देवनानी इस अध्ययन यात्रा में डिजिटल विधायी प्रक्रियाओं और सामाजिक समावेशन पर भी विस्तार से विचार-विमर्श करेंगे।

राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि यह यात्रा भारत की लोकतांत्रिक परम्पराओं और राज्य विधान सभाओं की क्षमताओं को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का सशक्त माध्यम होगा। उन्होंने कहा इससे निश्चित ही संसदीय कार्यों को और अधिक समृद्ध बनाने में मदद मिलेगा।

देवनानी दोनों देशों के संसद प्रमुख और वरिष्ठ सांसदों से मुलाकात करेंगे और संसदीय प्रक्रियाओं पर चर्चा करेंगे। श्री देवनानी का दोनों देशों में भारतीय मिशन के वरिष्ठ अधिकारियों, भारतीय प्रवासियों, रामाकृष्ण वेदांतिक केन्द्र के पदाधिकारियों और विज्ञान एवं तकनीक से जुडे विशेषज्ञों, भारतीय समुदाय के प्रमुख लोगों से मुलाकात और चर्चा करने का कार्यक्रम है। श्री देवनानी दोनों देशों में भारतीय दूतावासों के उच्च अधिकारियों के साथ भी बैठक करेंगे। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी के साथ यात्रा में विधान सभा के प्रमुख सचिव श्री भारत भूषण शर्मा भी जायेंगे। विधान सभा अध्यक्ष देवनानी फ्रांस और जर्मनी की संसदीय परम्पराओं के अध्ययन के साथ ही वहां के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक स्थलों का भ्रमण भी करेंगे।

कार्यक्रम में योग प्रतियोगिताएं बनीं युवाओं का आकर्षण

जयपुर। भारत सरकार के आयुष विभाग की ओर सेराष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान पुणे के तत्वावधान में 11 वें योग दिवस के उपलक्ष में विभिन्न स्थानों पर किए जा रहे सिग्नेचर योगा इवेंट्स में सीतापुरा स्थित स्वास्थ्य कल्याण इंस्टिट्यूट ऑफ़ नेचुरोपैथी एवं योग साइंसेज में योग अनप्लग्ड कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का समापन 19 जून को होगा। कार्य्क्रम के मुख्य अतिथि एम्स जोधपुर के अध्यक्ष और स्वास्थ्य कल्याण ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन तथा राजस्थान अस्पताल के चेयरमेंन डॉक्टर एस एस अग्रवाल होंगे। इंस्टिट्यूट के प्राचार्य डॉक्टर एकलव्य बोहरा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि योग अनप्लग्ड कार्यक्रम में युवाओं को योग से जोड़ने के लिए इंटर कॉलेज कंपटीशन आयोजित किया जा रहे हैं। इनमें पांच ऑनलाइन एवं 7 ऑफलाइन कंपटीशन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कंपटीशन में योगा रील कंपटीशन, योगा पोस्टर कंपटीशन, योगा निबंध लेखन प्रतियोगिता शामिल हैं। इसी प्रकार ऑफलाइन प्रतियोगिताओं में योगासन एडवांस पोस्चर, समूह योग, योग भाषण प्रतियोगिता इत्यादि आयोजित किया।